तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 13 मार्च 2025





13 मांस विक्रेता सड़क किनारे खुले में ही फेंक दे रहे हैं अपशिष्ट...



14 सभी नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा दिलाने करें ...




## परेंगुड़ा में मिली मरी हुई मुर्गियों का किया गया पोस्टमार्टम, नहीं मिली कोई बीमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मंगलवार को जिला मुख्यालय से 3 किलोमीटर दूर स्थित परेंगुड़ा में दर्जनों की संख्या में मरी हुई मुर्गियों के मिलने की खबर हरिभूमि में प्रकाशित होने के बाद बुधवार को पशु एवं चिकित्सा विभाग की टीम घटनास्थल पहुंची। विभागीय टीम ने सुबह उक्त स्थान पर पहुंचकर तीन मुर्गियों का सैंपल लिया गया। उनका पोस्टमार्टम कर जांच की गई। पोस्टमार्टम में मुर्गियों में किसी भी तरह की बीमारी सामने नहीं आई। वहीं, जो मुर्गियां मंगलवार को ग्राम परेंगुड़ा में मरी हुई हालत में दर्जनों की संख्या में मिली थीं, उनमें से अधिकांश मुर्गियां साफ हो चुकी थीं तथा कुछ ही मुर्गियां उक्त स्थान पर पड़ी हुई थीं।

### हरिभूमि में खबर प्रकाशन के बाद घटनास्थल पहुंचे विभागीय अधिकारी

खबर का असर




#### नहीं मिली कोई बीमारी

उप संचालक पशु चिकित्सा डीके सिहारे ने कहा कि मामले की जानकारी मिलते ही अधिकारी वहां पर पहुंचे थे। तीन मुर्गियों का पोस्टमार्टम कर जांच की गई, उनमें किसी भी प्रकार से कोई बीमारी नहीं मिली है।



**लंबा सफर या भूख प्यास व गर्मी के कारण मौत होने की आशंका:** अधिकारियों द्वारा आशंका जताई जा रह है कि दर्जनों की संख्या में मिली इन मुर्गियों के मरने का कारण वाहनों के माध्यम से एक जगह से दूसरी जगह लाने ले जाने के दौरान भूख प्यास व गर्मी में लंबी दूरी का सफर होने के कारण मुर्गियां गाड़ी में ही मर गई होंगी। उसके बाद वाहन चालकों द्वारा उन्हें पुल के नीचे फेंक दिया गया होगा। मुर्गियों का पोस्टमार्टम कर उनकी जांच करने पर उनमें किसी भी प्रकार से कोई बीमारी देखने को नहीं मिली है। ऐसे में मुर्गियों का सफर के दौरान मरने की आशंका जताई जा सकती है।

## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से बाइक चालक घायल



**बालोद।** ग्राम करहीभदर से निपानी मार्ग पर ग्राम लिमोरा के पास कार और बाइक जबरदस्त भिड़ंत हो गई। जिसमें बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना बुधवार को दोपहर 3 बजे की बताई जा रही है। जानकारी अनुसार गंभीर रूप से घायल बाइक चालक को राहगीरों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया है। वहीं, कार और बाइक भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है।

### बैहाकुंआ में फाग महोत्सव 15 को

**डौंडीलोहारा।** ग्राम बैहाकुंआ में आगामी 15 मार्च को श्रीकृष्ण युवा फाग समिति एवं समस्त ग्रामवासी के तत्वावधान में 15 मार्च को एक दिवसीय फाग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। समिति के सचिव पवन खोब्रागढ़े ने बताया कि झांकी वर्ग में प्रथम पुरस्कार 5001 रुपए, द्वितीय 4001, तृतीय 3001, चतुर्थ 2501, एवं पंचम पुरस्कार 1501रुपए के साथ मोमेंटो व श्रीफल प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा अन्य आकर्षक पुरस्कार के साथ प्रत्येक मंडली के लिए रखे गए हैं। समिति के सलाहकार पुरानिक भंडारी ने अधिक से अधिक संख्या में लोगों से शामिल होकर फाग महोत्सव का आंनद उठाने की अपील की है।

### सूचना का अधिकार के संबंध में कार्यशाला 18 को

**बालोद।** जिला स्तरीय जनसूचना अधिकारी एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों के लिए अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 18 मार्च को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया है। अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग के निर्देशानुसार सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के प्रभावी क्रियान्वयन में आने वाली समस्या एवं शासन द्वारा जारी पोर्टल आरटीआईऑनलाईन डॉट सीजी डॉट जीओवी डॉट इन के संबंध में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कार्यशाला में संबंधित अधिकारियों को उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

### विधायक ने समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े से अनिकेत को सहायता दिए जाने का किया आग्रह

## दिव्यांग अनिकेत को ई-रिक्शा के लिए शासन से मिलेगी सहायता, मंत्री ने दिलाया भरोसा


हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुंदा

नगर से लगे टिकरी गांव निवासी दिव्यांग अनिकेत का मुद्दा छत्तीसगढ़ के विधानसभा में गूंजा। गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद ने दिव्यांग अनिकेत की समस्या को विधानसभा में रखा। विधायक कुंवर सिंह निषाद की बात को गंभीरता से लेते हुए मंत्री राजवाड़े ने दिव्यांग अनिकेत की हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया। टिकरी गांव निवासी अनिकेत देवांगन 80 फ़ीसदी दिव्यांग हैं। पहले तो उन्होंने अपना दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने के लिए जद्दोजहद की और अब दिव्यांगता प्रमाण पत्र बन जाने के बावजूद न ही उन्हें पेंशन मिलती है और न ही सरकारी योजनाओं का लाभ।

- हरिभूमि में खबर प्रकाशन के बाद विधायक कुंवरसिंह ने विधानसभा में उठाया मामला

खबर का असर



### हरिभूमि ने खबर प्रकाशन कर जिम्मेदारों तक पहुंचाई अनिकेत की पीड़ा



हरिभूमि ने 12 मार्च के अंक में दिव्यांग अनिकेत की पीड़ा को प्रमुखता से प्रकाशित कर शासन प्रशासन का ध्यानाकर्षण कराया था। हरिभूमि में खबर प्रकाशन के बाद स्थानीय विधायक कुंवर सिंह निषाद ने विधानसभा सत्र के दौरान अनिकेत की समस्या को सदन में उठाया।

### विधायक निषाद ने मंत्री को पत्र भी लिखा

विधायक कुंवर सिंह निषाद ने समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े को पत्र भी लिखा है। विधायक निषाद ने पत्र लिखकर कहा कि अनिकेत के पिता उन्हें छोड़कर अन्य स्थान पर रहते हैं। अनिकेत परिवार के पालन पोषण और अपने लिए कुछ करना चाहता है। विधायक ने मंत्री से दिव्यांग अनिकेत के लिए 3 लाख सहायता राशि प्रदान करने की मांग की।

## होलिका दहन आज कल होगा रंगोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



आज रात होलिका दहन किया जाएगा, जिसकी तैयारियाँ लगभग पूरी कर ली गई हैं। वहीं, स्थानीय पुलिस और राजस्व प्रशासन ने शांति समिति की बैठक लेकर होली के पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील भी की है।

होलिका दहन, फाल्गुन पूर्णिमा की रात को किया जाता है। त्योहार को देखते हुए गाँवों और शहरों में लोग सार्वजनिक स्थलों पर लकड़ियाँ, उपले (कंडे), और सूखी टहनियाँ इकट्ठी कर ली हैं। दल्लीराजहरा में होलिका दहन स्थल की सजावट, जैन भवन चौक, पुराना बाजार चौक, सहित कई जगहों पर होलिका दहन स्थल को फूलों, रंगोली, और शुभ चिन्हों से सजाया जा रहा है पवित्र धागे से होलिका की परिक्रमा की जाती है। पूजा के लिए नारियल, हल्दी, रोली, चावल, गंगाजल, गुड़, मूंगफली, और चना आदि का प्रबंध किया जाता है। होलिका दहन के समय गेहूं और चने के नए पौधे (जिन्हें होला और धुली कहते हैं) को आग में भूनकर प्रसाद के रूप में ग्रहण किया जाता है। होलिका पूजन दहन से पहले महिलाएँ और बुजुर्ग विधिवत पूजा करते हैं। होलिका दहन के बाद उसकी परिक्रमा कर सुख-समृद्धि की कामना की जाती है।

## होटल-रेस्टोरेंटों व मिठाई दुकानों में पहुंची खाद्य विभाग की टीम, किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जिले के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का नियमित व सघन निरीक्षण के दौरान खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत शेष रह गए खाद्य परिसरों में खाद्य पंजीयन एवं अनुज्ञप्ति बनाने निर्देशित किया गया है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी, खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने बताया कि आगामी होली पर्व को देखते हुए विशेष रूप से हॉटल, रेस्टारेंट, चौपाटियों आदि परिसरों में साफ–सफाई रखने, खाद्य पदार्थों को ढककर रखने, मिठाईयों में लेबल लगाने, मिठाईयों में खाद्य रंग का उपयोग करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही जितने भी हॉटल, रेस्टारेंट में उपयोग किए जाने वाले पानी की समय–समय पर जाँच परीक्षण कराने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान विभिन्न प्रतिष्ठानों से खोवा बरफी, मिनी पेड़ा, मैदा, बेसन, नारियल का लड्डू बेसन का लड्डू, खुला कुंदा, कलाकंद, मलाई कतली, मथुरा पेड़ा, काजू कतली, बालूशाही, पनीर, जलेबी, आदि मिठाईयों का कुल 30 नमूना जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, रायपुर भेजा गया है। इसके अलावा खाद्य संरक्षा एवं मानक अधिनियम अंतर्गत खाद्य पदार्थों में मिलावट, पैकेजिंग एवं लेबलिंग के संबंध में चलित प्रयोगशाला वाहन का प्रचार–प्रसार के माध्यम से जिले के विभिन्न गाँवों और शहरों में टीम गठित कर विभिन्न प्रतिष्ठानों में निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही आम जनता एवं खाद्य कारोबारकर्ताओं को जागरूक भी किया जा रहा है।

- निरीक्षण के दौरान विभिन्न प्रतिष्ठानों से जांच के लिए 30 सैंपल लिए गए

## होली पर डीजे बजाया तो खैर नहीं, होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

आज होलिका दहन के बाद कल रंगोत्सव मनाया जाएगा। इसे लेकर जिले में होली के अवसर पर शांति व सुरक्षा बनाए रखने के लिए मंगलवार को शांति व सुरक्षा समिति की बैठक रखी गई। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, एसडीएम सुरेश साहू, तहसीलदार आशुतोष श्रीवास्तव, यातायात प्रभारी राजेश ठाकुर उपस्थित थे।

- शांति समिति की बैठक में अधिकारियों ने दी कार्रवाई की चेतावनी
- त्योहार के साथ ही बोर्ड परीक्षाओं को देखते हुए लिया गया डीजे पर प्रतिबंध का निर्णय



जिले में बोर्ड परीक्षाएं चल रही हैं, जिसके तहत परीक्षार्थी बोर्ड की परीक्षाओं की तैयारी के साथ परीक्षा दिलाने में व्यस्त है। इसी बीच होने वाले होली के त्यौहार को लेकर अधिकारी कर्मचारियों ने सख्ती बरतते हुए होली के अवसर पर डीजे नहीं बजाने की चेतावनी दी है। साथ ही कहा कि डीजे बजाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, होली के अवसर पर बाजार में बिकने वाले मुखौटे को पहनकर लोगों द्वारा अपराध को अंजाम देने की गुंजाइश बनी रहती है। इसे देखते हुए प्रशासन द्वारा मुखौटे को पहनकर होली मनाने को लेकर मनाही की गई है।

वहीं होली व रमजान एक दिन होने के कारण शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर चर्चा की गई तथा सभी समाज के लोगों को आपसी भाईचारा व सद्भाव बनाते हुए होली मनाने की बात कही गई।

इधर होली पर डीजे पर प्रतिबंध के बाद बाजार में होली पर बजने वाले नंगाड़े की मांग बढ़ गई है, जिसकी धुन सुन हर किसी का मन रम जाता है, क्योंकि डीजे के कानफोडू आवास की जगह नंगाड़े की आवाज कानों को प्रिय लगती है। इसे दिनभर बजाने पर भी कोई प्रतिबंध नहीं है और जिसके कारण होली की खुशियों में कोई खलल भी नहीं पड़ेगा और नगाड़ा बजाने वालों पर कोई कार्रवाई का डर भी नहीं रहेगा।


### पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100


## ट्रैक्टर से बैटरी चोरी, मामला दर्ज

**बालोद।** लाखड़ी की मिंजाई कर किसान ने ट्रैक्टर को घर के सामने खड़ा किया गया। दोपहर के समय एक व्यक्ति ने सुनसान देखकर ट्रैक्टर की बैटरी निकाल ली। चोरी करते हुए ग्रामीणों ने देख लिया था। बैटरी चोरी होने की जानकारी के बाद किसान द्वारा पूछताछ करने पर ग्रामीणों ने उक्त व्यक्ति का नाम किसान को बताया। किसान ने संबंधित व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। किसान लखन लाल ठाकुर ने बताया कि 8 मार्च को अपने ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 07 एनए 1243 से सुबह लाखड़ी मिंजाई कर दोपहर अपने घर के बगल में बने कोठार में खड़ा किया था। 9 मार्च की सुबह देखा तो ट्रैक्टर में लगी 12 वाट की बैटरी उसमें नहीं थी। आपपास पूछताछ करने पर ग्रामीणों ने बताया कि ट्रैक्टर की बैटरी को एवन ठाकुर ने निकाला और बोरी में भरकर ले गया। लखन लाल ठाकुर की शिकायत पर बालोद थाने में एवन ठाकुर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।





नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### धरमपुरा में लगा रासेयो का रक्तदान शिविर

**रायपुर।** धरमपुरा में स्वामी विवेकानंद कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र के स्वयंसेवकों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में रक्तदान का आयोजन किया गया। इस शिविर में स्वयंसेवकों और प्राध्यापकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कुल 17 यूनिट रक्त आशीर्वाद ब्लड बैंक को दान किया गया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी इंजी. ओमप्रकाश सूर्यवंशी ने स्वयं रक्तदान किया। इसके अतिरिक्त स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों का सर्वेक्षण किया, उनकी समस्याओं को समझा ओर संभावित समाधान बताया।

### राजा तालाब में जलकुंभी से निजात दिलाने की अपील

**रायपुर।** जोन-3 अंतर्गत सबसे बड़ा तालाब राजा तालाब इन दिनों जलकुंभी से पूरी तरह पट चुका है। युवा कांग्रेस उत्तर विधानसभा के कार्यकारी अध्यक्ष नवाज खान के नेतृत्व में राजा तालाब का दौरा कर जलकुंभी से पटे हुए तालाब और इससे आसपास के सैकड़ों परिवारों को होने वाली परेशानी को जानकर लोगों को इस समस्या से मुक्ति दिलाने रायपुर नगर निगम के जोन कमिश्नर से मिलकर जलकुंभी के निदान को लेकर कदम उठाने की मांग की है।

### तकनीकी विद्युत कर्मचारी एकता यूनियन के जितेन्द्र अध्यक्ष श्रीकांत महामंत्री बने




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ तकनीकी विद्युत कर्मचारी एकता यूनियन के जितेंद्र कुमार मालाकार अध्यक्ष और श्रीकांत ठाकुर महामंत्री बनाए गए है। पिछले दिनों संगठन की वार्षिक साधारण सभा में उनके निर्विरोध निर्वाचन के साथ नयी कार्यकारिणी का गठन भी किया गया है। इसमें कोषाध्यक्ष जितेंद्र श्रीवास, संयुक्त महामंत्री ताम्रध्वज साहू और कार्यकारी अध्यक्ष जितेन्द्र ठाकुर को बनाया गया है। बैठक में प्रदेशभर से तकनीकी विद्युत कर्मचारियों ने भारी संख्या में भाग लिया। इस दौरान यूनियन द्वारा पुरानी पेंशन योजना की बहाली, संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण, विभागीय परीक्षा में उत्तीर्ण 283 आईटीआई योग्यताधारी कर्मचारियों की टीए/टीडी पद पर नियुक्ति और तकनीकी कर्मचारियों को 3फीसदी तकनीकी भत्ता देने सहित कुल 16 मांगों का प्रस्ताव पारित किया गया। महामंत्री श्रीकांत सिंह ठाकुर ने कहा कि यूनियन अपनी मांगों को प्रबंधन के समक्ष नियमानुसार प्रस्तुत करेगी। यदि आवश्यक हुआ, तो कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए भविष्य में आंदोलन और प्रदर्शन जैसे विधिसम्मत कदम उठाने से भी पीछे नहीं हटेगी।

### कांग्रेस का प्रदेशव्यापी प्रदर्शन, ईडी का पुतला दहन कर जताया विरोध

**रायपुर।** भाजपा की केंद्र सरकार के इशारे पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास पर ईडी द्वारा की गयी कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस ने प्रदेश के सभी जिलों में प्रधानमंत्री मोदी, केंद्र सरकार और ईडी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि ईडी भारतीय जनता पार्टी के एजेंट की भांति काम कर रही है। भाजपा राज्य में विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए ईडी का दुरुपयोग कर रही है। ईडी के अधिकारी भी अपने शासकीय कर्मचारी होने की मर्यादा को भूलकर भाजपा कार्यकर्ता की भांति काम कर रहे हैं। कांग्रेस इसका विरोध करती है तथा ईडी की कार्यप्रणाली के विरोध में पूरे प्रदेश में ईडी का पुतला दहन किया गया। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा की राजनीति अब जांच एजेंसियों के सहारे चल रही है। सात साल पुराने झूठे केस को अदालत ने खारिज कर दिया, अब दुर्भावनापूर्वक ईडी को मोहरा बना कर भेजा गया है। ईडी की टीम पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस महासचिव भूपेश बघेल के निवास पर पहुंचना जांच नहीं है राजनीतिक प्रतिशोध है, जो साफ दिख रहा है। अगर भाजपा यह सोच रही है कि कांग्रेस को डराया या रोका जा सकता है, तो यह उसकी सबसे बड़ी भूल है।

# सिफारिश के महीनेभर बाद भी नहीं हटे दागी, विवादों में घिरे अफसर अभी कार्रवाई से दूर

हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रीएजेंट और उपकरण घोटाले की जांच के दायरे में आने वाले तीन अफसरों को हटाने की कार्रवाई सिफारिश के महीनेभर बाद भी पूरी नहीं हो पाई है। इस प्रकरण के खुलासे के बाद कई अफसर विवादों में घिरे हुए थे, मगर अस्पतालों में सप्लाई बाधित होने का हवाला देकर तीन को बदलने की सिफारिश हुई थी। प्रदेश के सबसे बड़े घोटाले में अब तक किसी भी प्रशासनिक अफसर के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई है। स्वास्थ्य विभाग और सीजीएमएससी के अधिकारी-कर्मचारी की मिलीभगत के बाद विभागीय स्तर पर सबसे बड़ा घोटाला हुआ था। इसका खुलासा होने और मामले की जांच ईओडब्लू के पास जाने के बाद स्वास्थ्य केंद्रों और सरकारी अस्पताल तक भेजे जाने वाले जरूरी उपकरण, रीएजेंट और अन्य सामान की सप्लाई बाधित हो गई थी। इस व्यवस्था को बनाए रखने का हवाला देकर सीजीएमएससी की एमडी पद्मिनी भोई साहू ने प्रभारी महाप्रबंधक उपकरण कमलकांत पाटनवार, बायो मेडिकल इंजीनियर क्षिरौद्र रौतिया और दीपक कुमार को हटाकर दूसरे अफसरों को उनके स्थान पर पदस्थ करने की सिफारिश की थी। चर्चा इस बात की रही कि ऊपरी स्तर पर इन्हें बदलने की सहमति दी गई थी, क्योंकि तीनों ईओडब्लू की जांच के राडार में थे। इस प्रक्रिया पर महीनेभर से अधिक समय बीत चुका है, मगर अफसरों को हटाने की किसी तरह की कार्रवाई नहीं की गई है। इन तीनों के अलावा दवा कार्पोरेशन में सेवा देने वाले कुछ और अफसर तथा स्वास्थ्य संचालनालय से जुड़े अधिकारियों की भी इस मामले में संलिप्तता पाई गई थी। इनके खिलाफ जांच का दौर जारी है और ईओडब्लू की टीम ने अब तक किसी दूसरे अधिकारी पर हाथ नहीं डाला है।

## दवा घोटाले के विवादों में कई नाम हटाने तीन के भेजे गए थे नाम

### भुगतान अटका हुआ

सरकारी अस्पतालों में दवाइयों सहित अन्य उपकरणों की उपलब्धता की जिम्मेदारी सीजीएमएससी के पास है। डिमांड के आधार पर उसके द्वारा विभिन्न कंपनियों से खरीदी की जाती है। सूत्रों का कहना है कि कई सप्लायर एजेंसियों को लंबे समय से भुगतान नहीं हुआ है। संबंधित एजेंसियां इसके कारण रेट कांट्रेक्ट होने के बाद भी कई तरह की दवाइयों सहित अन्य सामाग्री की सप्लाई करने से हाथ खड़ी कर चुकी हैं।


रीएजेंट घोटाला, कमलकांत पाटनवार, बसंत कौशिक, क्षिरोद्र रावटिया से हुई पूछताछ

ईओडब्ल्यू ने अफसरों से पूछा- बिना पड़ताल कैसे दी रीएजेंट, उपकरण खरीदी की सहमति

ईओडब्ल्यू की एफआईआर, हरिभूमि ने किया था उसका खुलासा सिलसिलेवार

### महाप्रबंधक प्रशासन की नई नियुक्ति

सीजीएमएससी में पिछले दिनों महाप्रबंधक प्रशासन के रूप में राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी की नियुक्ति की गई है। अपर कलेक्टर जांजगीर-चांपा के रूप में कार्यरत उज्ज्वल पोरवाल को सप्ताहभर पहले प्रशासनिक आधार पर स्थानांतरित करते हुए छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन में पदस्थ किया गया है। दवा कार्पोरेशन में कई अधिकारियों के बदलाव की चर्चा होती रही है, मगर फाइलें कहीं ना कहीं अटक जाती हैं।

## पुराने डीएमई ऑफिस में तहसील कार्यालय, पुराने एमएलए रेस्ट हाउस पर विचार

# हास्टल निर्माण की धीमी चाल, किराए के महंगे मकान में रहकर छात्र कर रहे एमबीबीएस की पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर में दूरदराज से आकर एमबीबीएस की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को रहने के लिए महंगा किराया भी वहन करना पड़ रहा है।

- यूजी छात्रों को नहीं है शिष्यवृति का प्रावधान, जेब से भरना पड़ रहा किराया

कालेज परिसर में सौ-सौ सीटर हास्टल निर्माण की योजना धीमी है, जिसकी वजह से यूजी छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रस्तावित पुराना डीएमई ऑफिस तहसील कार्यालय में तब्दील हो चुका है, अब हास्टल निर्माण तक अस्थायी आवास के लिए पुराने एमएलए रेस्ट हाउस पर विचार किया जा रहा है। दिक्कतें इसलिए भी ज्यादा हैं, क्योंकि यूजी छात्रों को शिष्यवृति का प्रावधान नहीं है, जिसकी वजह से उन्हें जेब से किराया भरना पड़ रहा है।

शासकीय जेएन मेडिकल कालेज में एमबीबीएस की 230 सीट हैं। इनमें से करीबन डेढ़ सौ छात्र जो दूसरे जिले से



आकर यहां पढ़ाई करते हैं उन्हें हॉस्टल की आवश्यकता होती है। कालेज परिसर में दो पुराने हॉस्टल कंडम हो चुके हैं, जिन्हें तोड़कर नया बनाया जा रहा है। 100-100 सीटर हास्टल निर्माण की गति काफी धीमी है जिसकी वजह से इसमे काफी वक्त लगने की संभावना है। इसकी वजह से मेडिकल कालेज में यूजी की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को शहर के विभिन्न इलाकों में मकान के लिए महंगा किराया देना पड़ रहा है। कालेज प्रबंधन हास्टल निर्माण तक इन विद्यार्थियों के अस्थायी इंतजाम करने का प्रयास कर रहा है, मगर इस सफलता नहीं मिल पाई है। पूर्व में पुराने डीएमई कार्यालय को इसके लिए उपयुक्त माना जा रहा था, मगर जरूरतों के हिसाब से यहां तहसील कार्यालय के कामकाज को शिफ्ट कर दिया गया। इसके बाद अन्य स्थानों पर व्यवस्था देखी गई, जहां बात नहीं बन पाई। अब एमएलए रेस्ट हाउस में अस्थायी हास्टल की संभावना तलाशी जा रही है। हॉस्टल का इंतजाम नहीं होने की वजह से पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं पर मकान किराए का अतिरिक्त खर्च है, जो उन्हें जेब से भरना पड़ रहा है। इंटर्नशिप से लेकर पीजी की पढ़ाई करने वालों को शिष्यवृति का लाभ मिलता है, मगर एमबीबीएस वालों के लिए यह प्रावधान नहीं है।

### पुराने एमएलए रेस्ट हाउस पर विचार

हास्टल निर्माण पूरा होता तक छात्रों के लिए अस्थायी आवास के लिए पुराने एमएलए रेस्ट का उपयोग किए जाने पर विचार किया जा रहा है। इस संबंध में आने वाले समय में होने वाली सामान्य सभा की बैठक में प्रस्ताव रखा जाएगा। हास्टल के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं।

**- डॉ. विवेक चौधरी**
डीन, रायपुर मेडिकल कालेज

### सीजीडीएफ आया सामने

*आवास समस्या से जूझ रहे एमबीबीएस के विद्यार्थियों की परेशानी चिकित्सा शिक्षा विभाग एवं अन्य अधिकारियों तक पहुंचाने के लिए छत्तीसगढ़ डाक्टर फेडरेशन सामने आया है। अधिकारियों को विभिन्न माध्यमों से मेडिकल यूजी के छात्रों की दिक्कतों से अवगत कराया जा रहा है। सीजीडीएफ के मुताबिक रायपुर की तरह सिम्स बिलासपुर और जगदलपुर के छात्र भी हास्टल की समस्या से जूझ रहे हैं। राज्य में नए मेडिकल कालेज खोले जा रहे हैं, मगर वहां पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों के लिए हॉस्टल की व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।*

### एक जर्जर हास्टल अस्पताल बनेगा

*रायपुर मेडिकल कालेज परिसर में काफी समय से खंडहर के रूप में तब्दील हो चुके एक हास्टल को 700 बेड का अस्पताल बनाने के लिए चिन्हित किया गया है। इस के लिए राशि मंजूर हो चुकी है, मगर अब तक इस जर्जर भवन को ढहाने का काम शुरू नहीं हो पाया है। पुराने भवन को गिराकर यहां सात मंजिला भवन का निर्माण किया जाना है। इस निर्माण में काफी वक्त लगने की संभावना है, तब तक वर्तमान में संचालित आंबेडकर अस्पताल भवन और पुराना हो जाएगा।*

## रविवि अध्ययनशाला में 400 कंप्यूटर

# इन्हें वायरस अटैक से बचाने 8 लाख खर्च करेगा प्रबंधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि अपने कंप्यूटर को वायरस से बचाने के लिए 7 लाख 59 हजार 731 रुपए खर्च करेगा। इसके लिए रविवि ने प्रस्ताव पारित कर दिया है। विवि अध्ययनशाला में 400 कंप्यूटर हैं। इन कंप्यूटर को साइबर अटैक से बचाने के लिए एंटी वायरस अपलोड किए जाएंगे। विश्वविद्यालय प्रबंधन के मुताबिक, प्रशासनिक भवन से लेकर अकादमिक, वित्त व विभिन्न विभागों में प्रयोग होने वाले कंप्यूटर में कई गोपनीय और महत्वपूर्ण जानकारी होती है।

- उद्यानों के रख-रखाव के लिए उद्यानिकी विभाग को दिए जाएंगे 14 लाख

कंप्यूटर हैक होने की स्थिति में विवि प्रबंधन को बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है। यही कारण है कि इनकी सुरक्षा के लिए यह राशि खर्च कर जा रही है। यह प्रतिवर्ष होने वाली नियमित प्रक्रिया है। अन्य विभाग सहित वित्त विभाग से प्राप्त कई प्रस्ताव भी रविवि के 95वें कार्यपरिषद के बैठक में रखे गए थे। एंटी वायरस क्रय निर्धारित प्रक्रिया से किया जाएगा।

### फर्जी वेबसाइट की हुई थी शिकायत

रविवि द्वारा कुछ माह पूर्व फर्जी वेबसाइट की शिकायत की गई थी। रविवि के आधिकारिक वेबसाइट में एक अक्षर का फेरबदल कर फर्जी वेबसाइट बनाई गई थी। इस पर विभिन्न कार्यों के लिए आवेदन मंगाते हुए फीस भी मांगे जा रहे थे। रविवि की जानकारी में मामला सामने आने के बाद आधिकारिक वेबसाइट में भी इसे लेकर सूचना जारी की गई थी। शिकायत के बाद उक्त फर्जी वेबसाइट को बंद कर दिया गया था। किसी तरह की बड़ी छात्रों से नहीं हो सकी थी।

### उद्यानिकी विभाग करता है देखरेख

इसके अलावा अन्य कार्यों के लिए भी रविवि द्वारा आर्थिक प्रस्ताव पारित किए गए हैं। रविवि परिसर में स्थित उद्यानों के वार्षिक रख-रखाव के लिए उद्यानिकी विभाग को तीसरे किश्त के रूप में 14 लाख 3 हजार 822 रुपए प्रदान किए जाएंगे। रविवि के उद्यानों की देख-रेख उद्यानिकी विभाग द्वारा की जाती है। इसके लिए रविवि द्वारा एक निश्चित राशि प्रदान की जाती है। रविवि परिसर में स्थित पुस्तकालय में नवीन किताबों के क्रय के लिए 27 लाख 67 हजार 579 रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

*गर्मी बढ़ने का दौर जारी, 21 के बाद रफ्तार ज्यादा*

# गर्मी के मामले में राजधानी ने अन्य शहरों को पछाड़ा, तापमान 37 डिग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गर्मी के मामले में मंगलवार को राजधानी ने प्रदेश के अन्य शहरों को पीछे छोड़ दिया है। रात के साथ यहां दिन भी सबसे गर्म रहा। दक्षिण से आने वाली हवा के बाद भी अभी गर्मी बढ़ने का दौर जारी रहेगा और 21 मार्च के बाद पारा गर्म होने की रफ्तार और तेज हो जाएगी। पिछले चौबीस घंटे रायपुर का न्यूनतम तापमान 20.5 और अधिकतम 37.2 डिग्री रहा, जो राज्य में सबसे अधिक था। दक्षिण से आने वाली हवा की वजह से अभी रात का तापमान भी तेजी से बढ़ा है।

माना जा रहा है कि अगले दो दिन



प्रदेश का पारा और चढ़ेगा इसके बाद मौसम में ठहराव आने की उम्मीद है, मगर बढ़ती गर्मी से अब राहत मिलने की उम्मीद काफी कम है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक अगले दस दिन तक गर्मी बढ़ने की गति मध्यम रहेगी, मगर इसके बाद तापमान और गर्मी की रफ्तार तेज होगी। राज्य में आने वाली हवा की दिशा पश्चिमी होने के बाद राजस्थान से आने वाली रेतीली गर्म हवा प्रदेश को अगले माह झुलसाएगी। मंगलवार को न्यूनतम तापमान 12.4 डिग्री अंबिकापुर का दर्ज किया गया है।

# सीएम साय के खिलाफ बोलने से पहले भूपेश को हजार बार सोचना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के वन व सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री बघेल को प्रदेश के पहले आदिवासी सौम्य और सरल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के बारे में कुछ भी बोलने से पहले हजार बार सोचना चाहिए। श्री कश्यप ने कहा, भूपेश हमेशा से आदिवासी विरोधी रहे हैं। उन्हें यह पच ही नहीं रहा है कि कोई आदिवासी भी प्रदेश की कमान संभाल सकता है।



श्री कश्यप ने कहा, मुख्यमंत्री श्री साय प्रदेश ही नहीं, बल्कि समूचे देश के सबसे अनुभवी आदिवासी नेता हैं। उनका अनुभव और राजनीतिक करियर भी भूपेश बघेल से कई गुना बड़ा है। एक बार केंद्रीय मंत्री, दो बार विधायक, तीन बार प्रदेश अध्यक्ष, चार बार सांसद और अब प्रदेश के चौथे मुख्यमंत्री के रूप में श्री साय के कार्यकाल की देशभर में सराहना हो रही है। श्री कश्यप ने कहा, श्री साय के नेतृत्व में आज नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों में कांग्रेस का सफाया हो गया। लोकसभा चुनाव में मोदी गारंटी पूरे करने का असर दिखा, समूचे देश में सौम्य सरल लेकिन कड़े निर्णय लेने वाले नेता के रूप में विष्णुदेव साय की पहचान है।

### सौम्या पर बोलकर दिखाएं : संजय श्रीवास्तव



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, कांग्रेस को देश के संविधान और कानून पर भरोसा नहीं है। जांच एजेंसियों पर हमला करके कांग्रेस के लोगों ने प्रदर्शित किया कि उन्होंने कुछ गलत किया है, इसीलिए दबाव बनाने के लिए हिंसा तक पर उतारू हैं। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि बड़ी-बड़ी बातें करने वाले भूपेश बघेल सौम्या चौरसिया के नाम पर चुप्पी क्यों साध लेते हैं। वो उनकी उपसचिव रहीं, दो साल से जेल में हैं।

### आरोपों का सामना न्यायिक प्रक्रिया से करें

श्री कश्यप ने कहा, पूर्व मुख्यमंत्री से आग्रह है कि वे घोटालों के आरोपों का सामना न्यायिक प्रक्रिया द्वारा करें। जिस संविधान को बचाने की बड़ी-बड़ी बात कांग्रेस करती है, उसी संविधान के तहत संवैधानिक संस्थाएं जांच कर रही हैं। इसी संविधान ने देश के वंचितों और आदिवासियों को अधिकार दिए हैं, भूपेश बघेल का संवैधानिक संस्थाओं का मजाक उड़ाना संविधान विरोधी कृत्य भी है। श्री कश्यप ने कहा कि बघेल संविधान का सम्मान करें, संवैधानिक पद्धति से चुनकर आए प्रतिनिधियों का भी अपमान करने का भूपेश बघेल को कोई अधिकार नहीं है। चोरी पकड़ी जाने पर बौखलाहट से काम नहीं चलता है।

# 5 वार्डों के सफाई ठेकेदारों पर निगम ने लगाया 70 हजार रुपए जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

केन्द्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम आने से पहले शहर की सफाई व्यवस्था धरातल पर सुधरती नजर नहीं आ रही है। महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश के बाद भी वार्डों में सफाई कर्मचारी निर्धारित संख्या में नहीं आ रहे। अनुबंधित ठेकेदारों पर स्वास्थ्य विभाग महज जुर्मान लगाने की खानापूर्ति करने जुटा है। सफाई व्यवस्था का हाल ये है कि एक ही दिन में जोन 8 के 5 वार्डों में साफ-सफाई में कोताही और निर्धारित संख्या से कम संख्या में कामगारों की उपस्थिति मिलने पर संबंधित सफाई ठेकेदारों पर 70 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। नगर निगम जोन 8 जोन कमिश्नर एके हालदार के मार्गदर्शन में जोन स्वास्थ्य अधिकारी गोपीचंद देवांगन ने स्वास्थ्य विभाग की ओर से पंडित जवाहरलाल नेहरू वार्ड के अनुबंधित सफाई ठेकेदार राजेन्द्र यादव पर वार्ड में सफाई में कोताही और निर्धारित संख्या से कम संख्या में सफाई कर्मचारी मिलने पर 10 हजार रुपये जुर्माना किया। इसी तरह डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम वार्ड के ठेकेदार रजत इंटरप्राइजेस पर 10 हजार रुपये, रामकृष्ण परमहंस वाड के ठेकेदार दानेश्वर सेन्द्रे पर 10 हजार रुपये, शहीद भगतसिंह वार्ड के ठेकेदार ओमप्रकाश झा पर 10 हजार रुपये, संत रविदास वार्ड के अनुबंधित ठेकेदार यूनिवर्सल आटो इलेक्ट्रिकल एंड रिपेयरिंग पर 10 हजार, बीएसयूपी सफाई गैंग के ठेकेदार अनिल गेलारे पर 10 हजार रुपये, कबीर हाउसिंग बोर्ड कालोनी वार्ड 2 सफाई गैंग ठेकेदार ललित इंटरप्राइजेस पर 10 हजार रुपये का जुर्माना किया गया।

# स्पीकर से मिले निगम सभापति

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमनसिंह से रायपुर नगर निगम के नवनिर्वाचित सभापति सूर्यकांत राठौर ने सौजन्य मुलाकात की। डॉ. सिंह ने श्री राठौर को सभापति निर्वाचित होने पर बधाई दी और सदन को विधि के अनुरूप बेहतर तरीक से चलाने सुझाव दिये। रमण मंदिर वार्ड के पार्षद और नगर निगम के निर्वाचित सभापति सूर्यकांत राठौर ने इससे पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य भेंट की। श्री साय ने उनके निर्विरोध निर्वाचन पर हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए राजधानी को सुंदर, सुव्यवस्थित और विकसित शहर बनाने का संकल्प लेकर कार्य करने कहा।

# कौशल्या देवी साय का जन्मोत्सव एवं होली मिलन समारोह में संगीत, उमंग और उल्लास



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय के जन्मदिवस पर मुख्यमंत्री निवास में विशेष जन्मोत्सव एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

जन्मदिवस के अवसर पर श्रीमती साय को बधाई दी गई, साथ ही होली की उमंग में रंगों और फूलों के संग हर्ष और उल्लासपूर्वक उत्सव मनाया गया। श्रीमती साय ने कहा, होली के रंगों की तरह हम सभी के जीवन में भी स्नेह, सौहार्द्र और समर्पण का रंग बिखरा रहे यही हमारी संस्कृति का संदेश है। प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा श्रीमती शालिनी राजपूत के नेतृत्व में महिला मोर्चा की बहनों ने मुख्यमंत्री निवास में पारंपरिक तरीके से फूलों की होली खेली। महिला मोर्चा की सदस्यों ने भजन-कीर्तन और नृत्य के माध्यम से पूरे वातावरण को बरसाना की भव्यता प्रदान कर दी।

## गौरीशंकर अग्रवाल को बनाया संयोजक

# कोरबा में सभापति चुनाव में हुए घटनाक्रम के लिए भाजपा ने बनाई जांच समिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कोरबा नगर निगम में सभापति के चुनाव में भाजपा के ही अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ भाजपा के ही पार्षद नूतन सिंह ठाकुर ने चुनाव लड़ा और जीत गए। इसके बाद पार्टी ने उनको पार्टी ने बाहर का रास्ता दिखाते हुए छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। इसी के साथ पार्टी से अपने मंत्री लखन लाल देवांगन को भी कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया, क्योंकि उन्होंने बागी जीतने वाले प्रत्याशी को बधाई देने का काम किया। अब पार्टी ने कोरबा के मामले में जांच करने के लिए तीन सदस्यों की समिति भी बना दी है। इसका संयोजक गौरीशंकर अग्रवाल को बनाया गया है।



नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा को ऐतिहासिक जीत मिली और सभी नगर निगमों में जहां भाजपा के महापौर जीते, वहीं सभी में भाजपा को भारी बहुमत भी मिला। ऐसे में यह तय था कि हर नगर निगम में भाजपा के ही सभापति बनेंगे। ऐसा हुआ भी। लेकिन कोरबा नगर निगम में भाजपा ने जिनको अपना प्रत्याशी बनाया उनके खिलाफ भाजपा के पार्षदों ने मोर्चा खोल दिया और नूतन सिंह ठाकुर भाजपा के प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव में खड़े हो गए। नतीजा यह रहा, भाजपा के प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा।

### एक सप्ताह में रिपोर्ट देगी समिति

भाजपा ने कोरबा के मामले को बहुत गंभीरता से लिया है। एक तरफ जहां बागी को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है, वहीं बागी को बधाई देने पर प्रदेश के मंत्री लखन लाल देवांगन को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। पहली बार पार्टी ने अपने ही मंत्री को नोटिस दिया है। इसी के साथ पहली बार पार्टी ने किसी चुनाव के लिए जांच समिति भी बनाई है। इस समिति में संयोजक गौरीशंकर अग्रवाल के साथ दो सदस्य बस्तर संभाग के प्रभारी रजनीश सिंह और प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य श्रीनिवास मद्दी बनाए गए हैं। जांच समिति कोरबा जाकर वहां पर सभी से बात करेगी और यह जानने का प्रयास करेगी कि आखिर क्यों कर भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ बगावत हुई और भाजपा के ही पार्षद को बागी होकर चुनाव लड़ना पड़ा। सारे घटनाक्रम की सिलसिलेवार जानकारी एकत्रित करके समिति सात दिनों में पार्टी को सौंपेगी।

## खबर संक्षेप



### ईएमबी के संबंध में हुई कार्यशाला

**बालोद।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत ईएमबी के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में समस्त जनपद व जिला स्तर के अधिकारी–कर्मचारी लॉगइन आईडी व पासवर्ड बनाकर ईएमबी में डाटा एन्ट्री करते हुए मूल्यांकनकर्ता अधिकारी–कर्मचारी द्वारा मूल्यांकन करने तथा सत्यापनकर्ता अधिकारी द्वारा सत्यापन करने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यशाला में बताया गया कि लंबित भुगतान की गंभीरता को देखते हुए मस्टररोल मूल्यांकन की प्रक्रिया ईएमबी के माध्यम से किया जाना है। इसके माध्यम से कार्यों की गुणवत्ता में विकास, पारदर्शिता, समयावधि में कार्यों का क्रियान्वयन, पेपरमुक्त दस्तावेजीकरण एवं निरीक्षण व जाँच में सहायता होगी। कार्यशाला में सहायक परियोजना अधिकारी, तकनीकी समन्वयक, सहायक प्रोग्रामर व जनपद स्तर से अनुविभागीय अधिकारी, उपअभियंता तकनीकी सहायक अन्य अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

### जिला रोजगार कार्यालय में मेगा प्लेसमेंट कैंप 20 को

**बालोद।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र बालोद में 20 मार्च को मेगा प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया है, जिसमें 4 नियोजकों द्वारा कुल 563 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि प्लेसमेंट में एसआर सेल्स, ब्रांच मैनेजर, बिजिनेस डेवेल्पमेंट आफिसर, एफ एंड बी स्टीवर्ड, मल्टीपंक्शनल ऑफिस एसोसिएट एवं हाउस कीपिंग अटेंडेंट के 30–30 पदों पर भर्ती की जाएगी। उन्होंने बताया कि इसी तरह सिक्यूरिटी गार्ड एवं सिक्यूरिटी सुपरवाईजर के 100 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसी तरह महिला सिक्यूरिटी गार्ड के 20 पदों पर भर्ती की जाएगी। उपरोक्तके लिए शैक्षणिक योग्यता पांचवी, आठवीं, 10वीं 12वी से स्नातक रखी गई है, वहीं आयु सीमा 20 से 40 वर्ष है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षणिक योग्यता के सम्पूर्ण प्रमाण पत्र, रोजगार पंजीयन कार्ड, पासपोर्ट साईज फोटो एवं आधार कार्ड की मूल एवं छायाप्रति के साथ निर्धारित तिथि एवं स्थान पर उपस्थित हो सकते हैं।

### तीन पुलिसकर्मी सस्पेंड

**भिलाई।** एसपी जितेंद्र शुक्ला ने एसीसीयू में पदस्थ दो प्रधान आरक्षक और जामुल थाने के आरक्षक को सस्पेंड किया है। तीनों पुलिस कर्मी पुलिस लाइन में पदस्थ होंगे। एसपी कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक एसीसीयू टीम के द्वारा गांजा के एक मामले में कार्रवाई की गई थी। वहां पदस्थ प्रधान आरक्षक सगीर अहमद खान, अजय गहलोत की भूमिका संदिग्ध पाई गई थी। जिसकी शिकायत दुर्ग एसपी से करने पर गंभीरता से लेते हुए दोनो प्रधान आरक्षकों को नोटिस थमा दिया। नोटिस का सही जवाब ना दे पाने और गांजा के प्रकरण में आरोपियों को लाभ पहुंचाने की संदिग्ध भूमिका नजर आने पर एसपी ने 11 मार्च को दोनों को सस्पेंड कर दिया।

### जनप्रतिनिधियों व शिक्षाविदों ने विद्यार्थियों को दी सलाह

# त्योहार और परीक्षाएं एक साथ, बच्चे कैसे बिठाएं तालमेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

होली त्यौहार और स्कूलों में वार्षिक परीक्षा का समय संगम हो गया है। रंगों का महान पर्व होली को बड़ी सादगी से मनाते हुए बच्चे परीक्षा को प्रभावी ढंग मन लगाकर पढ़ाई करके देवे होनहार भविष्य का निर्माण करें। उक्त बातें कहते हुए जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षाविदों ने विद्यार्थियों से अपील की है कि होली इस तरह से खेलें कि परीक्षा पर कुप्रभाव न पड़े।

### माता-पिता सजग रहें



नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य कल्पना नारद साहू ने कहा कि होली का महापर्व मनाने आप हम सब तैयार हैं। लेकिन, ध्यान रखें कि पर्व खुशियों और भाईचारा का उपहार है। होली में न हुड़दंग हो और न ही स्कीन खराब करने वाले रंगों का इस्तेमाल, तब होली हमें खुशियां से सराबोर कर पाएगी। उन्होंने कहा कि अभी स्कूल कालेज में परीक्षा चल रही हैं। बच्चे परीक्षा में अधिक ध्यान दें, होली खेलें भी तो परीक्षा पर इसका प्रभाव न पड़े। होली के दौरान माता-पिता भी सजगता बरतें।

### स्किन खराब करने वाले रंगों से बचें



जामगांव आर भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू ने कहा कि होली में रंग गुलाल खेलें, लेकिन अपने और दूसरों को नुकसान ना हो ऐसा खेलें। केमिकल वाले किसी भी आइटम का उपयोग नहीं करें। मार्केट में हर्बल उत्पाद बहुत आ चुके हैं, उनका उपयोग करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परीक्षा पर आंच नहीं आए, होली में उतना ही मन लगाएं। होली की रंग छुड़ाने में मेहनत नहीं करना पड़े, ध्यान रखें कि परीक्षा में अच्छा नंबर लाने के लिए प्रभावी मेहनत करें।

### प्रतिभा बहुरंगी बनाने स्टूडेंट्स पढ़ाई के रंग में रंगे



शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय कालेज जामगांव आर प्राचार्य डॉ शिखा अग्रवाल ने कहा कि होनहार भविष्य की रचना हेतु स्टूडेंट्स प्रतिभा निखारने पढ़ाई के रंग में ऐसे रंगे की जीवन में प्रतिभा बहुरंगी बन जाए। होली पर्व का रंग गुलाल उतना ही खेलें, जिससे शारीरिक मानसिक अड़चन पैदा न हों। माता पिता भी बच्चों के संरक्षण में पूर्ण सजगता बरतें।

### होली अवकाश में परीक्षा की तैयारी करें



संकुल समन्वयक रूपेश साहू ने कहा कि हाईस्कूल हायर सेकंडरी की परीक्षा चल रही है। इस साल पांचवीं आठवीं की परीक्षा अगले सप्ताह प्रारंभ होने जा रही है और इसके बाद अन्य कक्षाओं की परीक्षा प्रारंभ हो जाएगी कोई भी विद्यार्थी होली की रंगों में बहुत ज्यादा लीन नहीं हो जाएं। शारीरिक मानसिक नुकसान पहुंचाने वाली सभी परिस्थितियों से बचें, अपने आप को सुरक्षित रखें। विद्यार्थी परीक्षा की तैयारी में अधिक ध्यान दें।

### अर्जुन जैसा लक्ष्य बनाकर परीक्षा की तैयारी करें



10 वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा केंद्र जामगांव आर केंद्र अध्यक्ष वाईके साहू ने कहा कि विद्यार्थी परीक्षा की तैयारी अर्जुन लक्ष्य बनाकर करे। होली हमारा प्रिय त्यौहार है, लेकिन परीक्षा में पर्व के कारण नुकसान हो जाए ऐसा कुछ भी नहीं करे माता-पिता बच्चों पर विशेष ध्यान रखें बच्चों के होनहार बनने में माता-पिता की अहम भूमिका होती है।

## राज ठेठवार समाज ने तरौद मंडल के ग्राम प्रमुखों का किया चुनाव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राज ठेठवार समाज बालोद के तहत तरौद मंडल की बैठक ग्राम मनौद में किसान भवन में रखी गई। जहां सदस्यों द्वारा विभिन्न पदाधिकारी का निर्विरोध चुनाव किया गया। जिसमें ग्राम प्रमुख जगन्नाथपुर भीषम यादव, मनौद के ग्राम प्रमुख आत्मा यादव, तरौद के ग्राम प्रमुख विलास यादव, घुमका ग्राम प्रमुख मदन लाल यादव, खैरथाडीह प्रमुख राजेश यादव चुने गए।

इसी तरह तरौद मंडल क्षेत्र से मंडल अध्यक्ष के रूप में जनक यादव ग्राम घुमका निर्विरोध चुने गए। मंडल क्षेत्र सेवक के रूप भोज यादव को चुना गया। बैठक के अंत में सभी ने होली पूर्व मिलन कार्यक्रम के तहत नवनिर्वाचित पदाधिकारी को तिलक गुलाल लगाकर सम्मानित किया। वहीं इस दौरान मनौद के ग्राम प्रमुख आत्माराम यादव ने कहा कि समाज को एकजुट रखने के लिए समय–समय पर बैठक जरूरी है। इसी के तहत बालोद राज के अंतर्गत आने वाले तरौद मंडल की यह बैठक रखी गई थी। जो पूरी तरह सफल रही। समाज में विघटन की समस्या पर भी चर्चा हुई। साथ ही नशा मुक्ति पहल की अपील युवाओं से की गई। नशा मुक्त समाज और शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने को लेकर निर्णय लिया गया, वहीं धर्मांतरण और मतांतरण के प्रलोभन में पड़कर उन्होंने समाज से दूर हो रहे समाज के कुछ लोगों को लेकर भी चिंता जाहिर करते हुए कहा कि ऐसे लोग समाज में मिलकर रहे तो अच्छा है।

इस दौरान प्रमुख रूप से गंगाधर यादव, लीलाधर, रूपराम, शंकर लाल, रामस्वरूप, जयप्रकाश यादव,दीपक यादव, प्रकाश यादव, सुरेंद्र, कोमल, कन्हैयालाल, अशोक, संतोष, सहदेव,बंसीलाल, चंद्रभान, उदय, दिलेश्वर, ईश्वर, तुलसी, नकुल, सुदर्शन, सुदामा, सुधाकर, थानसिंह यादव उपस्थित थे।

## होली को लेकर हुई शांति समिति की बैठक



**डौंडीलोहारा।** नगर में डौंडीलोहारा थाना प्रभारी मुकेश सिंह ने मंगलवार को थाना में शांति समिति की बैठक ली। बैठक में एसडीएम शिवनाथ बघेल विशेष रूप से उपस्थित थे। एसडीएम ने होली पर शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु उपस्थित सदस्यों से अपील की। उपस्थित पार्षदों को अपने-अपने वार्डों में मीटिंग कर शांति पूर्वक होली मनाने के लिए निवेदन करने कहा। त्यौहार में कोई अप्रिय घटना ना घंटे इस हेतु शराब पीकर हुल्लड़ न करने, शराब पीकर वाहन न चलाने, तीन सवारी वाहन न चलाने की अपील थाना प्रभारी द्वारा की गई। कोई भी जानकारी देने हेतु थाना प्रभारी ने उपस्थित सदस्यों अपना मोबाइल नंबर दिया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेद्र सिंह टेकाम, तहसीलदार नायक, नायब तहसीलदार, सभी पार्षद गण, पत्रकार साथी, मुस्लिम जमात के साथी, तथा गण मान्य नागरिक उपस्थित थे।

## जनपद सदस्य बेला ने निकाली आभार रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 13 के जनपद सदस्य बेला यादव ने चिंगरी, भरदा, कोनारी, अछोटी में आभार रैली किया गया। इस अवसर पर अंडा, निकुम भाजपा मंडल अध्यक्ष लीकेशवर देशमुख मंडल,विधायक प्रतिनिधि सचिन कुमार देशमुख, सरपंच चिंगरी पुष्पा वाघमारे, उपसरपंच भूषण देशमुख,सरपंच अछोटी झन्ना दिल्लीवार, उपसरपंच घनश्याम दिल्लीवार, भरदा सरपंच सुनीता भारदीय सहित कार्यकर्ता गण पुकेश्वर देशमुख, दादू साहू, पंच राजेश देशमुख, आशा देशमुख, सुमित्रा, राधा गजपाल, रूपा देशमुख, कामता प्रसाद, गुमेंद्र यादव, टिकेंद्र साहू , लक्की यादव, विकाश यादव, युगल यादव ओमप्रकाश यादव सहित अन्य ग्रामीण जन उपस्थित थे। जनपद सदस्य बेला यादव ने अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की सभी योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास किया जाएगा।



## धूमधाम से मनाई गई धोबिन दाई व संत शिरोमणि श्री गाडगे महाराज की जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

सुहाग की देवी माता नातिन धोबिन दाई एवं संत शिरोमणि श्री गाडगे महाराज की जयंती धोबी समाज द्वारा धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर समाज द्वारा कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें पूरे जिलेभर से समाज के लोग शामिल हुए। सामाजिक भवन में गुरुर राज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जगजीवन निर्मलकर महिला विंग के अध्यक्ष छवि लता निर्मलकर के निर्देशन में मनाए गए कार्यक्रम में झेरिया धोबी समाज परिक्षेत्र गूरूर खप्परवाड़ा अर्जुंदा गुंडरदेही बालोद राज से अनेक पदाधिकारी और सामाजिक भाई बहन शामिल हुए। मुख्य अतिथि संरक्षक धरमलाल निर्मलकर मंदिर हसौद अध्यक्ष नीलू निर्मलकर धरमपुर सचिन मुकेश निर्मलकर माना एवं टीकम निर्मलकर बड़ौदा राव चरण निर्मलकर ऊपरवारा नया रायपुर तथा माना बस्ती से अध्यक्ष दिनेश निर्मलकर दुर्जन जोहन कुंजीलाल रामगुलाल धनसुख अर्जुन इंदल पवन निर्मलकर माना बस्ती से अश्विनी निर्मलकर लाल गोपाल पीतांबर पुनाराम गणेश भारत एवं माना बस्ती के समाज के लोग उपस्थित थे। समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर समाज को संगठित करने पर जो दिया। समाज ने राज्य स्तरीय सम्मेलन गुरुर में करने का निर्णय लिया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा, समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर सहित सभी जिला अध्यक्षों को आमंत्रित करने का निर्णय लिया।

## मांस विक्रेता सड़क किनारे खुले में ही फेंक दे रहे हैं अपशिष्ट, राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मीट दुकान संचालकों द्वारा जीवों को मार काट कर बेचा जा रहा है। इन संचालकों द्वारा बचे हुए अपशिष्ट को कई जगहों पर खुले में फेकने के मामले भी देखने को मिलते हैं।

इससे न सिर्फ शाकाहारी लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, बल्कि छोटे बच्चों के मन मस्तिस्क पर भी विपरीत प्रभाव पड़ने की आशंका बनी रही है। वहीं, जिले में मांस का विक्रय खुलेआम करना आम बात है, जिससे उठने वाली बदबू के कारण राहगीर परेशान रहते हैं और दुकानों के सामने से मुंह ढककर निकलने को मजबूर रहते हैं। वहीं, मांस विक्रेता मांस के बचे हुए अपशिष्ट को मुख्य सड़कों के किनारे फेंक देते हैं। जिले की कई सड़कों पर मुर्गियों के अपशिष्ट को फेंके हुए देखा जा सकता है। यह तस्वीर बालोद से दुर्ग मार्ग पर विभिन्न जगहों की है, जहां मुख्य सड़क के किनारे ही मुर्गी के अपशिष्ट को फेंक दिया गया है। सड़क किनारे फेके गए अपशिष्ट के पास से गुजर कर स्कूली बच्चे स्कूल जाते दिख रहे हैं। ऐसे ही जिले की अधिकतर मुख्य सड़कों पर मांस की दुकान लगाने व अपशिष्ट को सड़कों के किनारे फेंकते देखा जा सकता है। जहां कई दुकानदार मुर्गी के बचे पंखों को जला देते हैं, जिससे वातावरण के साथ मार्ग से गुजरने वाले लोगों को बदबू का सामना करना पड़ता है। बता दें कि इसी के तहत शहर में पूर्व में अपशिष्टों को खुले में फेकने के मामले सामने आने के बाद स्वच्छता गाड़ियां दुकान बंद होने के समय मांस की दुकानों में पहुंचकर अपशिष्ट एकत्र करने का काम करती थीं।



## शहीद कौशल यादव कालेज में महिला दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम

**गुण्डरदेही।** शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण विषय पर निबंध, भाषण व कविता पाठन किया। कविता पाठन में एम.कॉम की छात्र रेणुका तथा भाषण में बी.एससी. के छात्र प्रियांशु प्रथम स्थान पर रहे व निबंध लेखन में एमकॉम. की छात्र तारणी प्रथम स्थान पर रही। छात्र-छात्राओं ने महिलाओं का नेतृत्व कौशल, वीरता, संघर्ष जैसे गुणों का वर्णन किया। महाविद्यालय के महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा संचालित इस कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।




## खल्लारी व गिधाली पहुंचे कलेक्टर चंद्रवाल उद्यानिकी फसलों का किया अवलोकन



**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल जिले के डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम खल्लारी एवं गिधाली पहुँचकर उद्यानिकी फसलों का अवलोकन किया। इस दौरान चन्द्रवाल ने उद्यानिकी विभाग के नदी कछार योजना अंतर्गत ग्राम खल्लारी में तांदुला जलाशय के डुबान क्षेत्र में 06 किसानों द्वारा की जा रही तरबूज की खेती का अवलोकन किया।

कलेक्टर चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित कृषकों एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों से तरबूज के खेती कार्य में लगने वाली कुल लागत, उत्पादन, बिक्री की व्यवस्था एवं इस कार्य से होने वाले आमदनी के संबंध में जानकारी ली। मौके पर उपस्थित किसानों ने बताया कि इस स्थान पर लगभग 50 एकड़ भूमि में 06 किसानों द्वारा तरबूज की खेती की जा रही है। उन्होंने बताया कि तांदुला जलाशय के इस डुबान क्षेत्र में खेती करने के लिए पंचायत से प्रस्ताव कराना आवश्यक है। चन्द्रवाल ने उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को तरबूज की खेती में लगे किसानों को उद्यानिकी विभाग की योजनाओं से लाभान्वित कर उन्हें हर संभव मदद उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने वहाँ आगामी समय में सामूहिक रूप से फूलों की खेती करने हेतु कार्य योजना तैयार करने के भी निर्देश दिए हैं।

इस दौरान चन्द्रवाल ने डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम गिधाली में प्रगतिशील कृषक कालिन्द्री चुरेन्द्र के खेत में पहुँचकर शाक–सब्जी के उत्पादन कार्य का जायजा लिया।

### आईटीआई गुरूर में आरबीआई ने जमाकर्ता शिक्षा व जागरुकता कार्यक्रम का किया आयोजन

# वित्तीय समझ से व्यक्ति अपनी व परिवार की वित्तीय व्यवस्था को सुव्यवस्थित कर सकता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गुरूर में भारतीय रिजर्व बैंक की जमाकर्ता शिक्षा व जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बैंक उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों एवं उनके हितार्थ वित्तीय योजनाओं के प्रति जागरुक करना है।

कार्यक्रम में जिला लीड बैंक से सौरभ जैन, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य एनके साहू उपस्थित थे। कार्यशाला में सौरभ जैन ने कहा कि वित्तीय शिक्षा वर्तमान समय कि महत्वपूर्ण आवश्यकता है क्योंकि वित्तीय समझ से व्यक्ति अपनी व परिवार की वित्तीय व्यवस्था को सुव्यवस्थित कर सकता है। उन्होंने कहा कि बैंक से जुड़ा प्रत्येक व्यक्ति का यह अधिकार है कि वह अपने जमा धन व निवेश की विस्तृत जानकारी बैंक प्रबंधन से प्राप्त कर सकता है और यदि बैंक प्रबंधन जानकारी नहीं देता है तो उसे तत्काल बैंकिंग लोकपाल से संपर्क करना चाहिए।



सौरभ जैन ने कहा कि वित्तीय मामलों की जानकारी के प्रति छात्राओं की ललक इस बात का परिचायक है कि अब समाज में व्यापक बदलाव आने वाला है। इसी तरह डॉ. संदीप शर्मा ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंक से जुड़े उपभोक्ताओं के सामने आने वाली विभिन्न परेशानियों को देखते हुये उन्हें जागरुक करने के लिये जमाकर्ता शिक्षा और जागरुकता कार्यक्रम की शुरुआत की है। उन्होंने बताया कि जमाकर्ता अपने अधिकार और वित्तीय शिक्षा के प्रति अज्ञानता के कारण ही लगातार चिटफंड कंपनी, ऑनलाइन शॉपिंग, दूरभाष में ए.टी.एम. की जानकारी आदि माध्यमों से ठगी का शिकार हो रहा है। इन सभी को ध्यान में रखते हुए कार्यशाला के माध्यम से बैंक उपभोक्ताओं को जागरुक बनाया जा रहा है।

कार्यशाला में उपस्थित बैंक प्रतिनिधियों व मास्टर ट्रेनर हितेश मिश्रा व संतोषी बघेल ने बैंक खाता खुलवाने, उसका संचालन, बचत योजना, वित का प्रबंधन, के.वाय.सी. प्रक्रिया, बैंक ऋण, ऋण संबंधित उपभोक्ताओं के अधिकार, जमाकर्ताओं के अधिकार, बैंकिंग लोकपाल, चिटफंड कंपनियों, नान बैंकिंग फाइनेंस कंपनी की विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

## ग्राम पंचायत अंडी की उपसरपंच बनीं देवकुमारी




**डौंडीलोहारा।** समीपस्थ ग्राम अंडी में उपसरपंच का चुनाव किया गया। तीन प्रत्याशियों में देवकुमारी दीपक अटल उप सरपंच चुनी गई। इस अवसर पर सरपंच संतोष कुमार जैन, त्रिभुवन लाल निषाद,फुलकैना ठाकुर ,खोमेश्वरी बाई साहू, योगिताबाला साहू, ज्योति शर्मा, पूर्णिमा बाई ठाकुर, अहिल्या बाई मानकर, झुम्मन लाल साहू, जीवन लाल , भगवती अटल, सेवन्त दास मानिकपुरी,लोमिन ठाकुर ,दमयन्ती,शैलेन्द्री बाई रावटे, दीपक कुमार अटल सहित सभी पंच सहित ग्रामवासी उपस्थित थे। सभी ने ग्राम विकास के संकल्प को दोहराया।

## खबर संक्षेप



### व्यापारी संघ ने नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा का किया स्वागत

**बालोद।** पुराना बस स्टेशन व्यापारी संघ ने नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी का स्वागत किया। स्वागत के बाद व्यापारियों भाइयों ने अपनी समस्याओं से अवगत करवाया, नगर पालिका अध्यक्ष ने समस्याओं को अधिकारियों से बात कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। नगर पालिका अध्यक्ष को चुनाव प्रचार के दौरान जो व्यापारियों ने प्याऊ और पानी टंकी को पुनः प्रारंभ करने की बात बोली थी, जिसमें कल से कार्य प्रारंभ हो जाएगा।

### ग्राम बासीन के पूर्व पंचायत प्रतिनिधियों को दी गई विदाई



**गुरूर।** ग्राम पंचायत बासीन में पूर्व सरपंच व उपसरपंच का विदाई समारोह का आयोजन ग्राम पंचायत भवन बासीन में किया गया। इस अवसर पर पूर्व सरंपच परमीला हिरवानी, उपसरपंच भागवत निषाद, पंच शैलबाई हिरवानी, कौशिल्या साहू, यामिनी साहू, चित्रलेखा साहू, रामस्वरूप साहू, भूपेश यादव, दुजराम साहू, चन्द्रकला निशाद, हेमकुमारी साहू, माधुरी बाई साहू, हेमीन बाई निशाद, रीका बाई यादव, गीतेश्वर साहू, ललेश कुमार साहू, चित्ररेखा साहू को विदाई दी गई। इस अवसर पर सरपंच छगन लाल गजपाल, उपसरपंच लखन लाल बनपेला, पंच अभिषेक कुमार साहू, शिवलाल निषाद, हेमलाल अडिल, हेमलता तेलासी, बिनेश्वरी सेन, देवकुमारी, ईश्वरी साहू, होलेश्वर साहू, हेमलता साहू, झम्मन लाल निषाद, टेमन लाल यादव, आशा निर्मलकर, शिवबती यादव, ललेश्वर कुमार साहू, माधुरी यादव, संतोषी यादव उपस्थित थे।

### नर्सिंग कॉलेज में नव प्रवेशित छात्रों का किया गया स्वागत



**बालोद।** भारत एवं मारुति इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग दानीटोला बालोद में नव प्रवेशित छात्रों के स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इसके साथ ही चतुर्थ वर्ष के छात्र–छात्राओं को विदाई दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिविल सर्जन जिला अस्पताल बालोद डॉ आरके श्रीमाली थे। वहीं, डॉ एस जाना एवं संचालक शहीद अस्पताल दल्ली राजहरा अल्पना जाना, सहसंचालक हॉस्पिटल दल्ली राजहरा डॉ मंजीता ठाकुर, जिला हॉस्पिटल बालोद के नर्सिंग अधीक्षक एवं नर्सिंग स्टाफ, भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग के प्राचार्य डैनियल दीपक मसीह, मारुति इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग बालोद महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सीजो कोशी एवं टीचिंग, नॉन टीचिंग स्टाफ उपस्थित थे।

**बैठक : कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए निर्देश**

# सभी नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा दिलाने करें उपाय : चंद्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि सभी नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ सुनिश्चित कराना शासन–प्रशासन के सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। इसे ध्यान में रखते हुए जिले के प्रत्येक व्यक्तियों को आसानी से स्वास्थ्य सुविधाओं का समुचित लाभ सुनिश्चित कराना अत्यंत आवश्यक है।

चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में उन्होंने जिले में स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में चन्द्रवाल ने जिला अस्पताल बालोद सहित जिले के सभी सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के अलावा उप स्वास्थ्य केन्द्रों, स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न योजनाओं के प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। चन्द्रवाल ने जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के कार्यों की समीक्षा करते हुए इसके अंतर्गत गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को निःशुल्क इलाज, भोजन व्यवस्था आदि के संबंध में जानकारी ली।



### मानसिक बीमारियों से जूझ रहे लोगों की जाँच व इलाज की करें समुचित व्यवस्था

बैठक में चन्द्रवाल ने जिले में मानसिक बीमारियों से जूझ रहे लोगों के समुचित इलाज के लिए किए जा रहे उपायों की भी समीक्षा की। उन्होंने इसकी रोकथाम हेतु मानसिक बीमारियों से जूझ रहे लोगों का समुचित जाँच आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जिले के अस्पतालों में संचालित पोषण पुनर्वास केन्द्रों की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को जिले के सभी पोषण पुनर्वास केन्द्रों में अति गंभीर कुपोषित बच्चों की अनिवार्य रूप से भर्ती एवं बेहतर इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

इसके अलावा उन्होंने जन औषधि केन्द्रों के कार्यों की समीक्षा करते हुए जन औषधि केन्द्र में दवाईयों की समुचित उपलब्धता के साथ–साथ बीमार एवं जरूरतमंद लोगों के लिए दवाईयों के वितरण व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। बैठक में चन्द्रवाल ने जिला चिकित्सालय बालोद के अलावा जिले के सामुदायिक एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों में संस्थागत प्रसव की स्थिति के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को जिले में शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। चन्द्रवाल ने जिले के शासकीय चिकित्सालयों में स्वी—त पदों के विरूद्ध वर्तमान में कार्यरत चिकित्सकों एवं अन्य स्टाफ के संख्या के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने रिक्त पदों की पूर्ति हेतु किए जा रहे उपायों एवं वैकल्पिक व्यवस्था के संबंध में भी जानकारी ली।

### आयुष्मान कार्ड बनाने को दें विशेष प्राथमिकता

बैठक में चन्द्रवाल ने आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत जिले के शत प्रतिशत लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य की प्रगति के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को इस कार्य को विशेष प्राथमिकता देते हुए निर्धारित समयावधि तक जिले के शत प्रतिशत लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। चन्द्रवाल ने इस कार्य को पूरा करने हेतु स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले के कर्मचारियों को आम जनता के घरों में भेज कर आयुष्मान कार्ड बनाने की कार्रवाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

## शहीद डोमेश्वर साहू महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय महाविद्यालय जामगांव आर भरर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में डॉ अरुणेन्द्र कुमार तिवारी ने विद्यार्थियों को पुरानी शिक्षण पद्धति से अलग राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों जैसे सेमेस्टर प्रणाली, क्रेडिट पद्धति, बहुसंकाय प्रणाली, मल्टीपल एंट्री एग्जिट प्रणाली, मूल्यवृद्धि पाठ्यक्रम, योग्यता वृद्धि पाठ्यक्रम के बारे मे बताया। एनईपी प्रभारी डॉक्टर सन्तोष कुमार पाण्डे ने विद्यार्थियों को सतत आंतरिक मूल्यांकन, महाविद्यालय के एसईसी पूल की जानकारी प्रदान करते हुए, अंत सेमेस्टर परीक्षा पैटर्न के बारे में जानकारी देते हुए, अंक के अनुसार प्रश्नोत्तर की सलाह दी। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ शिखा अग्रवाल ने विद्यार्थियों को सतत आंतरिक मूल्यांकन में उपस्थिति को अत्यावश्यक बताते हुए, प्रश्नोत्तरी के माध्यम से विद्यार्थियों की जागरूकता का परीक्षण किया। उन्होंने योग्यता वृद्धि के लिए मूल विषय से अलग एस ई सी पाठ्यक्रम का चुनाव करने की सलाह दी, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। प्रो. नीता कुंभारे ने विद्यार्थियों को कार्यक्रमों में सहभागिता को व्यक्तित्व निर्माण के लिए आवश्यक बताया, प्रो रजनीश तिवारी ने अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की सलाह दी। वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ आबिद हसन खान ने होली की शुभकामनाएं देते आपसी सहयोग, भाईचारा को जीवन में आगे बढ़ने की सीढ़ी बताया। कार्यक्रम में मनीष साहू, डॉ लता मार्कण्डेय, मेजराम जोशी सहित 200 से अधिक विद्यार्थी उपस्थित थे।

## शिकसा ने 200 से अधिक शिक्षकों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

- धूमधाम से मनाया गया वार्षिक सम्मेलन शिकसा महोत्सव
- शिक्षकों के साहित्य संकलन मैं शिक्षक हूं तथा संस्था के वार्षिक कैलेन्डर का किया गया विमोचन



शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ का राज्य स्तरीय वार्षिक सम्मेलन व सम्मान समारोह शिकसा महोत्सव 2025 का भव्य आयोजन भारती विश्वविद्यालय दुर्ग में संस्थापक व संयोजक डॉ. शिवनारायण देवांगन आस के संयोजन में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल थे, अध्यक्षता दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव थे। वहीं, अति विशिष्ट आतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर, महापौर अल्का बाघमार, सभापति श्याम शर्मा, जिपं सदस्य श्रद्धा साहू एवं छत्तीसगढ़ी फिल्म अभिनेत्री जागेश्वरी मेश्राम व परसराम साहू सलाहकार शिकसा दुर्ग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों के साहित्य संकलन मैं शिक्षक हूं तथा संस्था के वार्षिक कैलेन्डर का विमोचन किया गया। साथ ही द्वार सजाओ रंगोली प्रतियोगिता के विजेताओं, शिक्षकों में प्रथम शशिकला पाण्डेय, द्वितीय छाया साहू, तृतीय स्थान शिल्पी राय तथा विद्यार्थी वर्ग में प्रथम नैना निषाद, द्वितीय सूर्यकांत वर्मा, तृतीय फाल्गुनी साहू को पुरस्कार प्रदान किया गया। साथ ही 70 शिक्षकों को शिकसा साहित्य सम्मान, 55 शिक्षकों को शिकसा शिक्षाश्री सम्मान, 21 शिक्षकों को शिकसा ज्ञानदीप तथा 60 शिक्षकों को शिकसा दूत सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने कहा कि शिकसा व भाई शिवनारायण देवांगन से एक पारिवारिक रिश्ता 25 वर्ष से बना है। वहीं, अध्यक्षता कर रहे विधायक गजेंद्र यादव ने कहा कि मुझे शिक्षकों के बीच आकर खुशी होती है। पहले मैं भी शिक्षक बनना चाहता था, पर विधायक बन गया हूं, शिक्षकों के लिये जो भी हो सके जरूर करूंगा। विशेष अतिथि विधायक ललित चन्द्राकर ने शिकसा को उसके रचनात्मक कार्यों के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम को अति विशिष्ट अतिथि महापौर अलका बाघमार, विशेष अतिथि श्याम शर्मा, श्रद्धा साहू, जागेश्वरी मेश्राम व परसराम साहू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन राधेश्याम कंवर संगठन मंत्री व शशिकला पाण्डेय सदस्य तथा आभार प्रदर्शन डॉ.शिवनारायण देवांगन आस संयोजक शिकसा ने किया।

## शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय कालेज में लगाया गया रेन वाटर हार्वेस्टिंग संयंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर



शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय महाविद्यालय जामगांव आर भरर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग संयंत्र स्थापित किया गया।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर शिखा अग्रवाल ने बताया कि शासकीय स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय दुर्ग के सहयोग से भूगर्भ शास्त्र विभाग अध्यक्ष डॉ श्रीनिवास देशमुख एवं डॉ प्रशांत कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में पीएम उषा मद से यह कार्यक्रम संपन्न किया गया। इस अवसर पर डॉ विकास स्वर्णकार के नेतृत्व में 27 सदस्य विद्यार्थियों के दल ने महाविद्यालय का भ्रमण एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग संयंत्र का निरीक्षण किया, डॉ प्रशांत श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को बताया कि गिरता हुआ भूजल स्तर आने वाले समय में बड़ी चिंता का विषय है, भू जल संरक्षण के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग संयंत्र बहुत उपयोगी है, संयंत्र की स्थापना के लिए महाविद्यालय के पीछे 5 बाई 10 फीट का एक गड्ढा रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए बनाया गया है, जिसकी क्षमता 2000 लीटर है महाविद्यालय के प्राचार्य ने इसके लिए भूगर्भ शास्त्र विभाग को कृतज्ञता व्यक्त करते हुए नैक प्रत्यायन में इसका लाभ मिलने की बात कही।

इस अवसर पर प्रो नीता कुंभारे, प्रो आरके तिवारी डॉ नरेश दीवान, प्रो. ए एस ठाकुर, डॉ इंद्रजीत, चेतना सोनी, डॉक्टर अरूणेन्द्र कुमार तिवारी, डॉ. संतोष कुमार पांडे, मनोज यादव, मुकेश कठौतिया, मनीष साहू, डॉ लता मार्कंडेय, मेजराम जोशी भी उपस्थित थे।

## चिखलाकसा पहुंचे मुनि श्री आगम सागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा



धर्म नगरी दल्लीराजहरा की पावन धरा पर श्री श्री 1008 आचार्य श्री विद्यासागर जी के परम शिष्य श्री 108 आगम सागर जी अपने संघ के साथ नगर प्रवेश किया। इस अवसर पर दिगम्बर जैन समाज के सभी पुरूष, महिला बच्चों ने चिखलाकसा में उनका स्वागत किया।

चिखलाकसा से बाजे गाजे के साथ दिगम्बर जैन मंदिर तक श्री आगम सागर जी एवं श्री संघ का जगह जगह स्वागत किया गया। जैन समाज के लोगों ने मुनिश्री के चरण पखारे। मुनि श्री आगम सागर ने जैन मंदिर में एक कथा को बताते हुए कहा कि एक शहर से एक राजा खूबसूरत सा दिखने वाला शख्स संत को पूछता है, यह शहर बसा हुआ है कि उजड़ा हुआ है। संत मन में सोचते हैं यह व्यक्ति बसे बसाए शहर को देखने के बाद भी मुझसे पूछता है कि यह शहर बसा हुआ है कि उजड़ा हुआ जरूर यह दिमाग से पागल है।

ऐसा सोचते हुए वह संत अपने घर पहुचकर पूरा वृतांत अपनी पत्नी को बताता है। तो उपकी पत्नी ने कहा कि यह खूबसूरत शख्स पागल नहीं समझदार व्यक्ति है। इसका मतलब है कि अगर शहर बसा हुआ है तो लोगों के मन में दया, करुणा सहयोग की भावना अगर है तो वह शहर बसा हुआ है, लेकिन अगर यह सब गुण नहीं है तो वह शहर उजड़ा हुआ है। मुनि श्री ने अंत में कहा कि लोगों के प्रति ईर्ष्या दुर्भावना नहीं रखनी चाहिए और सभी की सेवा सहयोग करना चाहिए। इस अवसर पर दिगंबर जैन समाज सहित सर्वजैन समाज के लोग उपस्थित थे।

## खैरा में 5वीं व 8वीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा



प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला खैरा में पांचवीं एवं आठवीं के बच्चों को पेन डायरी कंपास आदि भेंटकर विदाई दी गई।

इस अवसर पर पूर्व सरपंच भगत मानकर ने अपने सुपुत्र के विवाह के उपलक्ष्य में न्योता भोज दिया। न्योता भोज में शाला प्रबंधन समिति के सदस्य कमलेश्वरी साहू, चमेली ठाकुर, रेणुका ठाकुर, यामिनी कोसमा, सीमा चंद्राकर का विशेष सहयोग रहा तथा राजिंदर भुआर्य द्वारा टेंट पंडाल का सहयोग रहा। इस अवसर ग्राम पंचायत खैरा के नवनिर्वाचित सरपंच और पंचों का भी सम्मान किया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों को शाला की गतिविधियों से अवगत कराते हुए शाला में पेयजल समस्या पर ध्यानाकर्षण कराया गया। कक्षा आठवीं से गरिमा, गीतांजलि,जयंत ने अपने अपने अनुभव साझा किए तथा प्रधान पाठक प्रेमसिंह कोलियारे ,पंच शशिकांत तिवारी, चंपा बाई ठाकुर उपसरपंच टीकमचंद देशमुख एवं सरपंच निर्मला कोसमा ने संबोधित करते हुए विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करने तथा जरूरतमंद विद्यार्थियों को मदद करने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में सरपंच निर्मला कोसमा, पूर्व सरपंच राधिका भुआर्य, पूर्व सरपंच भगत मानकर,पंचगण मिलाप कोसमा ,गणेशिया बाई साहू, सुनीति भुआर्य, रोहित भुआर्य, संतोषी भुआर्य,जितेश्वरी ठाकुर, शशिकांत तिवारी, शैलेन्द्र कुमार, रोहित ठाकुर,प्रदीप कुमार कोमा, रमेश कुमार हरदेल,टामिन बाई साहू,शैलू बाई देशमुख, सरिता ठाकुर, लता बाई देशमुख,चैन सिंह निर्मलकर, प्रधान पाठक सुदामा गेंड्रे शिक्षक लक्ष्मीकांत नेताम, केशव सिहारे, खेमन्त साहू, हेमेंद्र साहू, टिकेश्वरी हरदेल, बरखा साहू रसोइया हुमन ठाकुर, बलिराम,पीला बाई, तिला बाई सफाई कर्मचारी इंद्रजीत भूआर्य उपस्थित थे। शिक्षक खेमंत साहू ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए आभार व्यक्त किया।

## शहीद दुर्वासा निषाद कॉलेज के विद्यार्थियों ने सीखा गुलाल

**बालोद/अर्जुन्दा।** शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा के उद्यमिता प्रकोष्ठ एवं इको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में हर्बल गुलाल निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को रासायनिक रंगों के दुष्प्रभावों से बचाव और स्वस्थ, पर्यावरण–अनुकूल हर्बल गुलाल बनाने की विधि सिखाना था। प्रशिक्षण सत्र में प्रशिक्षक सालिनी वर्मा ने विद्यार्थियों को पालक, चुकंदर एवं पलाश के फूलों से आकर्षक एवं सुरक्षित गुलाल बनाने की कला सिखाई।



कार्यक्रम का संचालन वनस्पति शास्त्र विभागाध्यक्ष एवं इको क्लब प्रभारी किशोर कुमार टंडन ने किया। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक, वाणिज्य विभाग प्रभा शर्मा एवं सहायक प्राध्यापक, प्राणीशास्त्र विभाग प्रीति धुरवे उपस्थित थी।

कार्यशाला में हरा रंग पालक के पत्तों से गुलाबी लाल रंग चुकंदर से, केसरिया रंग पलाश के फूलों से तथा मुलायम एवं सुगंधित गुलाल अरारोट पाउडर के साथ मिश्रण से करना सिखाया गया। विद्यार्थियों ने कार्यशाला में हर्बल गुलाल निर्माण की पूरी प्रक्रिया को रुचि एवं उत्साह के साथ सीखा। इस पहल ने उन्हें स्वरोजगार एवं उद्यमिता के नए अवसरों से परिचित कराया। इको क्लब प्रभारी एवं वनस्पति शास्त्र विभागाध्यक्ष किशोर कुमार टंडन ने कहा इस तरह के कौशल–आधारित कार्यक्रम छात्रों को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक हैं। प्राकृतिक संसाधनों से बने उत्पाद न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभदायक हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
स्पेशल ट्रेन से - 16 मई से 23 मई 2025 (08 दिन)
By Train-रिजर्वेशन कोच
09 मई से 16 मई 2025,06 जून से 13 जून 2025
25 जुलाई से 1 अगस्त (सावन में ) (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान),काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार),पशुपतिनाथ ,जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)/अयोध्या (श्री राम जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 9,500/- , 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें।
संपर्क करें-
7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport